हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 7 जून, 2025


11 शीतल जल कुटीर वाटर हट का निर्माण करवाया


12 योग दिवस की तैयारियों को लेकर छात्रों ने किया अभ्यास

CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।
10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।
D.R. GROUP OF INSTITUTIONS
महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616
कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072
सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।
B.A., B.Com., B.Sc., M.A.,M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy
- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN COMPUTER APPLICATION
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.

## खबर संक्षेप

### निशुल्क दंत चिकित्सा एवं जांच शिविर 15 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से 15 जून को सुबह 10 बजे से 2 बजे दोपहर तक निशुल्क दंत चिकित्सा एवं जांच शिविर लगाया जाएगा। यह कैंप श्री महालक्ष्मी डैन्टल क्लीनिक की ओर से संगठन के कार्यालय किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में आयोजित होगा।

### रोडवेज जीएम का अतिरिक्त कार्यभार देखेंगे डीजी मनोज

**नारनौल।** रोडवेज डिपो को नया जीएम मिल गया है। फिलहाल स्टेट ट्रांसपोर्ट के डायरेक्टर जनरल मनोज कुमार को सरकार ने रोडवेज जीएम नारनौल का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। यह नियुक्ति 6 जून को की गई है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। करीब 27 दिन पहले जीएम अनीत यादव के ट्रांसफर से यह पद रिक्त चल रहा था।

### अमित बने गैस वितरक एसो.के जिला प्रधान

**नारनौल।** सिंघाना रोड स्थित चांदनी मिड वे में शुक्रवार प्रातः 11 बजे गैस वितरकों की जिला स्तरीय मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें जिला एलपीजी वितरक एसोसिएशन का नया प्रधान शहीद लाल सिंह गैस एजेंसी के वितरक अमित यादव को नया प्रधान चुन लिया गया।



### परीक्षाओं के मद्देनजर केंद्रों पर धारा 163 लागू

**नारनौल।** जिलाधीश डॉ विवेक भारती ने सरकारी महाविद्यालयों में चल रही परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत शुक्रवार से परीक्षाओं के समापन तक समस्त महाविद्यालयों से 200 मीटर की परिधी में पांच व्यक्तियों या इससे अधिक एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी।

### मालड़ा में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम, भंडारा आज

**महेंद्रगढ़।** गांव मालड़ा के हांडोला वाले जोहड़ के पास स्थित मंदिर में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा व मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक उत्साह से भरपूर इस आयोजन में ग्रामीणों ने भाग लिया। बाबा हांडु वाले तथा राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना की गई। इस अवसर पर गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे कोचिंग सेंटर, कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग 'मौन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा में बिना मान्यता के स्कूल और प्ले स्कूल का आंकड़ा महेंद्रगढ़ जिला के नाम चल रहा है। इसमें भी सर्वाधिक 50 के करीब बिना मान्यता के स्कूल व प्ले स्कूल अकेले नारनौल शहर में है।

बिना मान्यता वाले स्कूल व प्ले स्कूलों पर कार्रवाई करने के लिए शिक्षा विभाग से कई बार प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन मांग कर चुकी है।कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग मौन है। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहे है। इसके बावजूद बिना मान्यता वाले कोचिंग सेंटर खुलेआम चल रहे है। ऐसा भी नहीं है कि शिक्षा विभाग इस बात से बेखबर हो। बावजूद मौन है। कनीना में करीब एक साल पहले घटना से सबक लेना तो दूर की बात शिक्षा विभाग शायद अनहोनी के इंतजार में है।

जानकारी के मुताबिक महेंद्रगढ़ जिला में ही 50 से अधिक बड़े कोचिंग सेंटर है। इनमें वह भी कोचिंग सेंटर है, जो जिनकी ब्रांच देश के अन्य हिस्सों में भी है। इन प्रसिद्ध कोचिंग सेंटरों की ब्रांच जो नारनौल शहर में है, उनके पास भी शिक्षा विभाग या प्रशासन की ओर से कोई परमिशन नहीं है। इसके बाद भी ग्रीष्मकालीन अवकाश में ही वह खुल रहे है। वाहनों से यहां विद्यार्थियों को लाया जा रहा है। इस बात की पूरी जानकारी होते हुए भी शिक्षा विभाग मौन धारण किए हुए है। ऐसे में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।

### यह है हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक-2024

फरवरी-2024 में हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक-2024 के तहत निजी कोचिंग संस्थान से अभिप्राय है, किसी एकल परिसर में कोई निजी कोचिंग संस्थान जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययन कार्यक्रम की व्यवस्था करवाने वाले किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की संस्था, सोसाइटी या न्यास या कंपनी द्वारा स्थापित, संचालित या प्रशासित ट्यूशन सेंटर भी शामिल हैं, किंतु इनमें प्रतिदिन 50 छात्रों तक व्यक्तिक गृह ट्यूशन और केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार द्वारा या किसी अन्य विनियामक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों द्वारा संचालित नियमित पाठ्यक्रम शामिल नहीं है। प्रत्येक

- **जिले में सर्वाधिक नारनौल शहर में बिना पंजीकरण कोचिंग सेंटरों की भरमार, शिक्षा अधिकारी एक-दूसरे पर मामला डाल हट रहे पीछे**
- **स्कूलों की छुट्टी पर ये ओपन, कार्रवाई के नाम पर शिक्षा विभाग हट रहा पीछे**

जिला स्तर पर निजी कोचिंग संस्थान को पंजीकृत और विनियमित करने के लिए कमेटी होगी। जिसमें उपायुक्त अध्यक्ष है। वहीं पुलिस अधीक्षक, जिला नगर आयुक्त, जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य है। वहीं अध्यक्ष की ओर से एक लेखा अधिकारी, एक राजकीय महाविद्यालय का प्रधानाचार्य व निजी कोचिंग संस्थानों में से ड्रा ऑफ लॉटस द्वारा चुने जाने वाले दो प्रतिनिधि भी सदस्य होंगे। जिला स्तर पर शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन करना है। किसी निजी कोचिंग संस्थन द्वारा किसी विशेष परीक्षा में चयनित छात्रों की संख्या सहित भ्रामक विज्ञापनों और मिथ्या दावों के अनाचार पर अंकुश लगाना होगा। हरियाणा के भीतर अपनी शाखा रखने वाले निजी कोचिंग संस्थन को ऐसी शाखा के लिए अलग से पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। डीईओ को मांग पत्र देते वक्त एसोसिएशन से जुड़े राजकुमार यादव एडवोकेट, तेजवीर यादव, कमल संघी, सियाराम यादव व अतरसिंह यादव मौजूद रहे।

### क्या कहते हैं डीईओ

डीईओ संतोष चौहान ने बताया कि सभी कोचिंग संस्थानों को दिशा निर्देश जारी किए है। कोचिंग संस्थान उचित पंजीकरण करवाकर ही कोचिंग संस्थान चलाएंगे। सभी कोचिंग संस्थान पंजीकरण के समय जारी किए गए दिशा निर्देशों का दृढता से पालन करेंगे। जिसमें कि भवन सुरक्षा, छात्र सुरक्षा तथा अग्नि सुरक्षा इत्यादि मानकों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि जिला में सर्वाधिक बिना मान्यता के स्कूल या प्ले स्कूल व कोचिंग सेंटर नारनौल शहर में है। वह संबंधित बीईओ को कार्रवाई करने के लिए कह चुके है।

सरकारी योजनाओं और दाखिलों के प्रवेश द्वार सरल पोर्टल पर दिनभर एरर

# 'जगराता' के बाद भी पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र अप्लाई नहीं

1. सरल पोर्टल बीते 10 दिनों से खुद ही एक जटिल समस्या बन गया है,सर्वर ठप होने के कारण फॉर्म तक भरने में आ रही अड़चनें
2. फोटो गलत बता फाइल कर रहे अस्वीकार, मांगे जा रहे जीवित माता-पिता के मृत्यु प्रमाणपत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश में युवाओं के लिए सरकारी योजनाओं और दाखिलों का प्रवेश द्वार सरल पोर्टल बीते 10 दिनों से खुद ही एक जटिल समस्या बन गया है। सर्वर ठप होने के कारण कॉलेज दाखिले से लेकर हरियाणा सीईटी फॉर्म तक भरने में भारी अड़चन आ रही है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को अब मात्र छह दिन शेष हैं और 80 प्रतिशत फॉर्म अभी भी भरे नहीं गए हैं। यह स्थिति हजारों युवाओं के भविष्य को अधर में लटका रही है। पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र बनाते समय माता पिता जिंदा होने के बावजूद भी उनके मृत्यु प्रमाण पत्र मांग रहा है। युवाओं का कहना है कि माता पिता जीवित होने के बाद भी उनके मृत्यु प्रमाण पत्र कहा से लेकर आए। अभ्यर्थियों और सीएससी संचालकों का कहना है कि दिन के समय सरल पोर्टल पूरी तरह से निष्क्रिय रहता है। यदि यह चलता भी है तो बेहद धीमी गति से। मजबूरी में छात्रों को रात 12 बजे से तीन बजे तक पोर्टल चलने की सूचना पर घंटों जागना पड़ रहा है लेकिन रात की यह जद्दोजहद भी अक्सर व्यर्थ साबित हो रही है। सीएससी संचालकों का तर्क है कि कम रोशनी में साफ फोटो लेना संभव नहीं है और रात के समय महिलाओं का सीएससी केंद्रों पर पहुंचना तो नामुमकिन है। जिला स्तर पर फोटो साफ नहीं होने का बहाना बनाकर धड़ाधड़ फाइलें अस्वीकार की जा रही है। युवाओं का कहना है कि जिस भाजपा सरकार को उन्होंने पूर्ण बहुमत से चुना वही अब उनकी सुध नहीं ले रही है। 10 दिनों से पोर्टल ठप होने के बावजूद सरकार का यह मौन युवाओं के साथ सीधा-सीधा विश्वासघात है।

### जाति प्रमाण पत्र की जटिलता

हरियाणा सीईटी फॉर्म भरने के लिए एक अप्रैल के बाद का जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया है लेकिन सरल पोर्टल ठप होने की वजह से पिछड़ा वर्ग और ओएससी के प्रमाण पत्र अप्लाई ही नहीं हो पा रहे है। अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही युवाओं की मानसिक परेशानी बढ़ती जा रही है।


नारनौल। सरल पोर्टल। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन से गुहार : छुट्टी के दिन भी करें काम

युवाओं की उपायुक्त महोदय से मांग है कि पटवारी और सरल केंद्र के कर्मचारियों को छुट्टी के दिन भी कार्य पर बुलाया जाए ताकि लंबित फाइलों का निपटारा हो सके और समय पर हरियाणा निवास प्रमाण पत्र जारी कर फॉर्म अप्लाई किए जा सकें। यदि यह स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो राज्य के हजारों युवा एक बड़े अवसर से वंचित रह सकते है जिसकी सीधी जिम्मेदारी सरकार पर होगी।

### चहेतों की चांदी, आम आदमी परेशान

सीएससी संचालकों ने गंभीर आरोप लगाए है कि सरल केंद्र के कर्मचारी अपने चहेतों की फाइलों को प्राथमिकता से स्वीकार कर रहे है जबकि आम अभ्यर्थियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। हरिभूमि टीम को मिली जानकारी के अनुसार बीते तीन दिन से जाति प्रमाण पत्र की फाइलें तो अप्लाई ही नहीं हो रही है। केवल डीएससी और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र ही जारी हो पा रहे है। बीसी ए और बीसी बी श्रेणी के अभ्यर्थियों को भारी मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है क्योंकि उनके प्रमाण पत्र स्वीकार ही नहीं किए जा रहे। 27 मई से 31 मई के बीच अप्लाई की गई एक भी फाइल पास नहीं हुई है जबकि एक और दो जून की कुछ फाइलें चमत्कारिक रूप से पास हो गई है।

विधायक आवास के पास वारदात

# स्टांप विक्रेता को नशीला पदार्थ सुंघा 1.80 लाख ले उड़े शातिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवीलाल कॉलोनी स्थित विधायक कंवर सिंह यादव के आवास के पास बीती रात्रि को अज्ञात चोर स्टांप विक्रेता को नशीला पदार्थ सुंघाकर लाखों रुपये की नकदी व मोबाइल फोन चोरी करके ले गए हैं।

पीड़ित सतनाली उपतहसील में बतौर स्टांप विक्रेता का कार्य करता हैं। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर चोर को पकड़ने व रुपये बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पीड़ित जलबीर सिंह ने सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह झोझू खुर्द तहसील व जिला चरखी दादरी का निवासी है। फिलहाल वह ब्रह्मचारी रोड स्थित देवीलाल कॉलोनी नियर विधायक कंवर सिंह के आवास के पास रहता है। वह सतनाली उपतहसील में बतौर स्टांप विक्रेता का कार्य करता है। बीती रात्रि को करीब 12.40 से 1.30 बजे अज्ञात चोर मकान में घुस गए तथा नशीली चीज सुंघाकर स्टांप विक्रेता के थैले में रखे एक लाख 80 हजार रुपये व मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। जलबीर ने बताया कि रात्रि 1.40 बजे मकान मालिक सुरेंद्र शास्त्री व सुरेंद्र शास्त्री की पत्नी सुशीला ने उसके पास आकर अवगत कराया। तब उसे कोई होश हवास नहीं था। जब निंबू व नमक का प्रयोग किया, तब होश आया। वह मकान में नीचे गया तथा उसे अवगत कराया कि ये थैले घर से बाहर मिले हैं। थैले को चैक करने पर पता चला कि थैले में स्टांप की राशि एक लाख 80 हजार रुपये व फोन गुम है। वह घर में आवाज होने के कारण जाग चुका था, उसने आवाज लगाई तो चोर घर से भागने लगे और थैले को खाली करके छोड़कर भाग गए।

### पपला गुर्जर को सेशन कोर्ट से 5 केसों में अपील मंजूर करते हुए किया बरी

**नारनौल।** आपराधिक मामलों में आरोपित रहे विक्रम उर्फ पपला गुर्जर को पांच क्रिमिनल केसों में निचली अदालतों में अलग अलग न्यायालयों से सजा सुनाई गई थी। जिनमें चार केसों में महेंद्रगढ़ न्यायालय से सजा सुनाई गई थी तथा एक केस में नारनौल सीजेएम साहब की अदालत से सजा सुनाई गई थी। इन पांचों केसों में विक्रम उर्फ पपला गुर्जर के द्वारा न्यायालय के सम्मुख अपने अधिवक्ता कुलदीप सिंह भरगड़ के माध्यम से अपील वर्ष 2023 में दायर करते हुए अधिनस्थ न्यायालय के आदेशों को चुनौती दी गई थी।


विक्रम उर्फ पपला गुर्जर

### मदार-रोहतक-मदार स्पेशल (प्रतिदिन) रेलसेवा का संचालन

**नारनौल।** रेलवे द्वारा यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु मदार-रोहतक-मदार स्पेशल ( प्रतिदिन) रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09639, मदार-रोहतक स्पेशल (प्रतिदिन) रेलसेवा दिनांक 08.06.25 से 30.06.25 तक (23 ट्रिप) मदार से प्रतिदिन 04.30 बजे रवाना होकर 12.50 बजे रोहतक पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09640, रोहतक-मदार स्पेशल (प्रतिदिन) रेलसेवा दिनांक 08.06.25 से 30.06.25 तक (23 ट्रिप) रोहतक से प्रतिदिन 13.20 बजे रवाना होकर 22.35 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, भगेगा, नीम का थाना, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाडी, गोकलगढ, झज्जर व अस्थल बोहर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

व्यवहारिक ज्ञान | जिला बार की ओर से नरेश संघी स्मृतिमाला के तहत कार्यक्रम


# अधिवक्ताओं की विधिक योग्यता को निखारने व न्याय प्रणाली में आत्मविश्वास बढ़ा गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला बार एसोसिएशन की ओर से नरेश संघी स्मृतिमाला के अंतर्गत अधिवक्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार सम्पन्न हो गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा अधिवक्ताओं को न्यायिक प्रक्रिया, विधिक दक्षता तथा व्यवहारिक ज्ञान से समृद्ध करना था। वीरवार को इसका शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन राज, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विक्रम जीत व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी की मौजूदगी रही।

वहीं प्रमुख सत्र एवं वक्ता के तौर पर अधिवक्ता राकेश मेहता ने प्लीडिंग एवं ड्राफ्टिंग, अधिवक्ता राकेश कुमार संघी ने सिविल ट्रायल, अपील, इजरा एवं लिमिटेशन और सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश यादव ने क्रिमिनल ट्रायल एवं अनुसंधान विषय पर अपने विचार सांझा किए। दूसरे दिन शुक्रवार को राकेश यादव ने क्रिमिनल ट्रायल एवं प्रोफेशनल एथिक्स विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं स्वास्थ्य विभाग से फॉरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. हर्ष चौहान ने मेडिकल ज्यूरिसप्रूडेंस, पीएमआर, एमएलआर एवं फॉरेंसिक साक्ष्य और अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव ने रेवन्यू कोर्ट्स, प्रक्रिया एवं दस्तावेज विषय से अधिवक्ताओं को अवगत करवाया।


नारनौल। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, वक्ता एवं अधिवक्ता।

### विधिक योग्यता को निखारते हैं ऐसे प्रशिक्षण

*कार्यक्रम के दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल अधिवक्ताओं की विधिक योग्यता को निखारते हैं, बल्कि न्याय प्रणाली में उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी माननीय न्यायिक अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।*


नारनौल। नशा मुक्ति केंद्र में मरीजों से हाल-चाल जानती नीलम कुमारी।

### सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र व सेफ हाउस का किया दौरा

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने शुक्रवार नागरिक अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने पुलिस लाइन में बने सेफ हाउस का भी दौरा किया। सीजेएम नीलम कुमारी ने निरीक्षण के दौरान नशा मुक्ति केंद्र में मौजूद मरीजों से हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों से बातचीत करते हुए कहा कि नशा न केवल शारीरिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर बना देता है। नशा परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। नशे के कारण परिवारों में कलह, आर्थिक समस्याएं और रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती है।

SINGHANIA UNIVERSITY
Singhania University, Pacheri Bari, Jhunjhunu - 333515, Rajasthan
9355168880 / 9810092400 admission@singhaniauniversity.ac.in
Council of Architecture
D.C. SINGHANIA MEMORIAL MEDAL 2025
Award Categories
- Overall Best Performer
- Academic Excellence
- Top Girl Performer
- Sports & Athletic Best Performer
- Overall Best Performer from NDSIS
Award Benefits
University Medal | Certificate of Excellence | Cash Prize of ₹ 11,000
Special Recognition and an exciting cash prize of ₹ 1100/- will be awarded to the top 41 performers
Who Can Apply?
- Eligible Students: Class 12 pass-out in Academic Year 2025
- Geographic Eligibility: Schools located in the Jhunjhunu and Mahendargarh districts of Rajasthan and Haryana
Scan this to know more



कुत्तों की दृष्टि इंसानों से ज्यादा साफ होती है। लेकिन रंगों में भेद करना उनके लिए कठिनाई का सबब है।



चूहों के गुणा होने की गति इतनी तीव्र है कि वे महज 18 महीनों में 2 लाख से ज्यादा वंशज पैदा कर सकते हैं।

# इन क्षेत्रों में भविष्य में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

पूरी दुनिया में हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है। सभी देश आए दिन नई-नई तकनीकी आविष्कार कर रहे हैं। धीरे-धीरे जमाना बदल रहा है। विज्ञान के बल पर हर दिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं। आज का दौर डिजिटाइजेशन का दौर है। हर कोई इंटरनेट से कनेक्ट है। ऐसे में लोग अपने लिए नौकरी भी इसी फील्ड में ढूंढ रहे हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रोथ इसी क्षेत्र में है. क्लाउड कंप्यूटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन जैसी नौकरी आज से 5 साल पहले नहीं थी पर वर्तमान में सबसे ज्यादा मांग इन्हीं नौकरियों की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद काम और भी आसान हो गया है।

## चाहिए प्रतिभा

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस धीरे-धीरे सभी वर्तमान की जॉब्स को खत्म कर देगा। हम लोगों को भी समय के साथ चलना होगा और आने वाले समय में जिसकी डिमांड होगी उसी क्षेत्र में हमें जाना होगा। आने वाले 5 सालों में क्या-क्या बदलने जा रहा है। किन-किन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा जॉब के स्कोप होंगे । अब हम देख पा रहे है इस प्रकार की नौकरी सामने आ रही है जिसमें कोई स्पेशल डिग्री नहीं चाहिए होती। बस आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए। अगर आप अपनी प्रतिभा का पूर्णता उपयोग करेंगे तो आप खूब पैसा कमा सकते हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में आपकी डिग्री को नहीं बल्कि आपकी स्किल को महत्व दिया जाएगा। यह देखा जाएगा कि आप किसी काम को करने में कितने सक्षम है और उसे कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं।



## डेटा साइंटिस्ट

जमाना काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजनेस करने के मानक भी बदल रहे हैं। किसी भी बिजनेस की ग्रोथ के लिए उसे बिजनेस के बारे में ग्राहक को पूरी जानकारी होना अनिवार्य है। ज़ब तक कस्टमर को ही बिज़नेस के बारे में नहीं पता होगा वह किस प्रकार आपका बिजनेस को समझ पाएगा। ऐसे में सबसे पहले आपको ऐसा तरीका अपनाना होगा जिसके जरिए आप अपने ग्राहकों तक अपने व्यापार के बारे में पूरी जानकारी आसानी से पहुंचा पाए। यानी कि आपका ग्राहकों को आपके व्यापार के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। हम जितना ज्यादा इंटरनेट चला रहे हैं उतनी ज्यादा जानकारी हम बड़ी से बड़ी कंपनियों को दे रहे है। इस कारण डाटा साइंटिस्ट और एनालिस्ट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है. जो ग्राहक की जानकारी को समझ कर सही तरीके से प्रोडक्ट उसको प्रदर्शित कर पाये। किसी भी कंपनी को अगर आज के समय में टॉप पर आना है तो उसके लिए ग्राहक की जानकारी और उसे डाटा को सही तरीके से एनालाइज करना बहुत जरूरी है।

## इन क्षेत्रों में भी भारी डिमांड

### हेल्थकेयर

हम जितनी गति से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से अपने शरीर को खराब कर रहे हैं। आज के समय में हर किसी को कोई ना कोई बीमारी है। कोई भी पूर्ण तरह स्वस्थ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में छोटी से छोटी बीमारी बहुत बड़ी बन जाती है। ऐसे में हेल्थ केयर फील्ड में अलग-अलग प्रकार की नौकरी की डिमांड आ रही है। बीमारिया ज्यादा लोगों को अपना शिकार बना रही है और उसकी अपेक्षा डॉक्टरी सुविधाएं कम है। इसके साथ ही हर आने वाले दिन नए-नए दवाई और नई-नई बीमारी की खोज हो रही है. आने वाले 5 साल में डॉक्टर की डिमांड बहुत तेजी से बढ़ाने वाली है और यह डिमांड हमेशा रहने वाली है क्योंकि इंसान जितनी तेजी से तरक्की करेगा वह उतनी ही ज्यादा बीमारियों से घिरेगा। ऐसे में इस फील्ड में भी जॉब का काफ़ी स्कोप है।

### फाइनेंस एडवाइजर

जैसे-जैसे इंसान तरक्की कर रहा है उसके पास पैसा भी उपलब्ध हो रहा है। अगर आपके पास पैसा है तो आपकी खरीदने की क्षमता भी बढ़ रही है। आजकल लोग पहले के मुकाबले काफी खरीदारी कर रहे हैं। हर बाजार में प्रोडक्ट की खपत काफी तेजी से हो रही है। इस कारण से लोगों को अपना पैसा कैसे खर्च करना चाहिए कैसे बचना चाहिए इसकी समझ होना बहुत अनिवार्य है। वर्तमान समय में फाइनेंस एडवाइजर के तौर पर काम करके आप अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। इस क्षेत्र में आप लोगों को कंसल्टेंसी दे सकते हैं कि उन्हें अपना पैसा कहां जमा करना चाहिए और किस तरह से खर्च करना चाहिए। इस बढ़ते महंगाई के दौर में हम अपना पैसा सिर्फ सेविंग अकाउंट में रखकर नहीं बढ़ा सकते। ऐसे में आपको शेयर बाजार म्युचुअल फंड और अलग-अलग क्षेत्र के बारे में लोगों को बताना चाहिए। काफी लोग इस क्षेत्र में भी तरक्की कर रहे हैं क्योंकि उन्हें दिख रहा है कि इस फील्ड में जॉब का अच्छा स्कोप है।

### साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट

आजकल ऑनलाइन फ्रॉड के मामले काफी बढ़ गए हैं। साइबर क्राइम की वजह से लोगों को काफी लूटा जा रहा है। अगर आप साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट बन जाते हैं तो आपकी डिमांड हर कंपनी और हर तरह के क्षेत्र में होगी। साइबर सिक्योरिटी में एक्सपर्ट होने के बाद आप हैकिंग को रोक सकते हैं और अलग-अलग कंपनी में साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट के रूप में काम करके मोटा पैसा कमा सकते हैं।

## कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाली कोई भी इनफार्मेशन कहलाती है डाटा

# डाटा साइंस नये जमाने का सबसे ज्यादा चमकता करियर, आने वाला भविष्य इसी का

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में बढ़ती सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी के कारण आज के समय में छात्रों के लिए डाटा साइटिंस्ट बनना बेस्ट करियर ऑप्शन हो सकता है। आज के समय में यह क्षेत्र जॉब और सैलरी के मामले में टॉप 5 में गिना जाता है, वहीं आने वाला भविष्य भी इसी का होगा। अगर आप डाटा साइटिंस्ट बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आज हम आपको देंगे ऐसे टिप्स, जिससे आप इस क्षेत्र में बेहतर करियर बना सके।

### क्या है डाटा

कंप्यूटर के माध्यम से भेजे जाने वाले किसी भी तरह की इनफार्मेशन को हम डाटा कह सकते हैं। डाटा की अलग-अलग डेफिनेशन हो सकती है, लेकिन मतलब एक ही होता है। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मेमोरी में डाटा फोटो, वीडियो, सॉफ्टवेयर, गेम्स आदि हो सकते हैं या डाटा ऐसे तथ्य हो सकते हैं जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क के

### डाटा साइंस

डाटा साइंस हम उसे कह सकते हैं जिसके तहत किसी भी डाटा का विश्लेषण कर उसकी जानकारी निकाल सकें। आज के समय में कंप्यूटर विज्ञान का एक हिस्सा है, डाटा साइंस सांख्यिकी गणित, सांख्यिकी, सूचना सिद्धांत, सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे कई क्षेत्रों में सिद्धांतों और तकनीकों का उपयोग करता है।

### डाटा साइटिंस्ट के स्किल

डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए आपके पास कई स्किल का होना जरूरी है, जिसमें से मुख्य रूप से मैथ, कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट, अपीयर मैथ से डिग्री व डिप्लोमा जरूरी है। साथ ही आपको सांख्यिकीय मॉडलिंग और व्यवहार्यता की भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा आपको पाइथन, जावॉ, रा, सास, जैसी प्रोगामिंग लैंग्वेज की भी जानकारी होनी चाहिए।

### सीखना जारी रखें

एक डाटा साइटिंस्ट वह है जो कच्चे डाटा से जानकारी निकालना जानता है, और उस जानकारी को व्यवसाय में उपयोग करने योग्य बनाता है। अधिकांश डाटा साइटिंस्ट डाटा इकट्ठा करने और सफाई करने में बहुत समय बिताते हैं, क्योंकि डाटा कभी भी साफ नहीं होता है। अगर आपको भी एक अच्छा डाटा साइटिंस्ट बनना है तो अपने डिग्री प्रोग्राम के दौरान आपने जो स्किल सीखा है, उसका प्रैक्टिस करते रहें।

### जॉब के ऑप्शन

इसका कोर्स करने के बाद आपके लिए कई जॉब ऑप्शन मौजूद हैं। जहां आप इंफॉर्मेशन ऑफिसर, डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर टेस्टर, डाटा साइंटिस्ट, सीनियर इंफॉर्मेशन एनालिस्ट, सीनियर डाटा ऑफिसर, बिजनेस एनालिस्ट और सहायक एनालिस्ट के पद पर काम करके करियर बना सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी रोजगार के बहुत चांस हैं। यहां आप बैंक, बीमा कंपनी, ई-कॉमर्स, टेलीकॉम, फाइनेंस, यूटिलिटी, हॉस्पिटल, कंस्ट्रक्शन प्लान, ऑयल या गैस कंपनी, मैन्युफेक्चरिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टेशन जैसी बहुत सी जगहों पर रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

## इस कोर्स में मिलते कई जॉब ऑप्शन



### नौकरी ढूंढते समय रखें ध्यान

आज के समय में हर बड़ी कंपनी को डाटा साइटिंस्ट की जरूरत पड़ती है। पढ़ाई पूरी होने के बाद जब आप नौकरी ढूंढने जाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि उसी कंपनी में जॉब करें, जिसका मार्केट में नाम हो, इससे जहां आपको अच्छी सैलरी मिलेगी, वहीं कई चीजें सीखने को भी मिलेंगी, यहां से दूसरी कंपनी में जाने पर भी इस कंपनी का नाम आपके काम आएगा।

### बेसिक से शुरूआत करें

यदि आप इस क्षेत्र में अच्छा ज्ञान या अनुभव प्राप्त करने के साथ करियर बनाना चाहते हैं, तो बेसिक से शुरुआत करें, क्योंकि बेसिक से ही आप इस क्षेत्र को अच्छी तरह समझ सकते हैं, यदि आप सीधे एडवांस स्तर को समझना चाहते हैं, तो यह संभव नहीं है। यह आपको आगे चलकर नुकसान ही देगा।


### डिग्री का स्तर बढ़ाएं

डाटा साइटिंस्ट का जॉब जितना अच्छा है, उतना टफ भी। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले करीब 88 फीसदी डाटा साइटिंस्ट के पास कम से कम मास्टर डिग्री है, वहीं 46 फीसदी के पास पीएचडी है। डाटा साइटिंस्ट बनने के लिए बहुत मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है।

### इन क्षेत्र में लें डिग्री

डाटा साइंटिस्ट बनने के लिए आप कंप्यूटर साइंस, सोशल साइंस, फिजिकल साइंस और स्टैटिस्टिक्स में बैचलर डिग्री हासिल कर सकते हैं। इससे आपको अच्छी जॉब के चांस ज्यादा मिलेंगे। अध्ययन के सबसे आम क्षेत्र में गणित और सांख्यिकी 32 फीसदी, है, वहीं कंप्यूटर विज्ञान में 19 और इंजीनियरिंग में 16 फीसदी है। इनमें से किसी भी पाठ्यक्रम में डिग्री आपको बड़े डाटा को संशोधित करने और विश्लेषण करने के लिए आवश्यक स्किल देगी।

# इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन कॅरियर को दें नई दिशा



आज के समय में इंटरनेट का इस्तेमाल तो सभी लोग करते हैं, लेकिन अगर सोच-समझकर इंटरनेट का इस्तेमाल किया जाए। तो यह कमाई का एक बेहतरीन जरिया बन सकता है। हांलाकि आपने भी देखा होगा कि आज के समय्र में बहुत से लोग सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर खूब शोहरत हासिल कर रहे हैं। वहीं इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर बन लोग लाखों कमा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इसमें अपना कॅरियर बना शानदार कमाई कर सकते हैं। वर्तमान समय में अपनी नौकरी के साथ लोग सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी काफी अच्छे से हैंडल कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अच्छी रीच और ज्यादा एक्टिव रहने वाले अकाउंट्स को ब्रांड प्रमोशन आदि को अच्छा खासा-पैसा मिलता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर के तौर पर आप अपने कॅरियर की शुरूआत कैसे करें।

### टाइम मैनेजमेंट है जरूरी

जब भी आप नौकरी करते हैं, तो इसमें आपके काम करने का रूटीन फिक्स होता है। लेकिन जब बात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर की होती है, तो इसमें आपको अपने काम की सीमा खुद तय करनी होती है। फोन व लैपटॉप के जरिए आपको अपना काम करना होता है। ऐसे में आपको भी अपने काम की सीमा खुद तय करनी होगी। जिससे कि आप सोशल मीडिया के अलावा अन्य कामों को भी पर्याप्त समय दे सकें।

### फिक्स्ड इनकम

जब आप कोई नौकरी करते हैं, तो हर महीने के आखिरी में आपके बैंक अकाउंट में एक फिक्स्ड इनकम आ जाती है। लेकिन बतौर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आपको कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं मिलती है। आपकी इनकम ब्रांड प्रमोशन आदि पर निर्भर करती है। इसलिए शुरूआत में आपको नौकरी के साथ इस काम को करना चाहिए। ताकि आपका खर्चा आसानी से चलता रहे। वहीं सोशल मीडिया पर हर इंफ्लुएंसर का एक-दूसरे से अलग होना जरूरी है। इसलिए आपको ओरिजिनल आइडिया पर काम करने के साथ एडिटिंग आदि भी सीखनी चाहिए।

### बेस्ट एडिटिंग एप्प

इस फील्ड के लिए कई एडिटिंग एप्प मौजूद हैं। इन में मुख्य रूप से इनशॉट एप, कैनवा, काइन मास्टर, फिल्मोरा आदि हैं। इनको सीखकर हम अपने लिए इस क्षेत्र में काम शुरू कर सकते हैं और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

# आसान करियर सही करियर नहीं, मेहनत रंग लाती है और बेहतर इंसान बनाती है



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया और रील्स ने हमारी जिंदगी को बहुत हद तक प्रभावित किया है। हर दिन हम इंस्टाग्राम, यूट्यूब या टिकटॉक पर रील्स देखते हैं, जहां लोग रातों-रात स्टार बनते दिखते हैं, लग्जरी लाइफ जीते नजर आते हैं, और आसानी से पैसा कमाते दिखते हैं। लेकिन यह चमक-दमक और तथाकथित ₹आसान पैसा₹ अक्सर एक भ्रामक तस्वीर पेश करता है। सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चमकदार जिंदगी और आसान पैसा अक्सर भ्रामक होता है, और यह आपको गलत रास्ते पर ले जा सकता है। आज के समय में, सोशल मीडिया पर रील्स बनाना और तुरंत मशहूर होने का सपना बहुत आम हो गया है। आप देखते हैं कि लोग कुछ सेकंड की वीडियो बनाकर लाखों फॉलोअर्स और ढेर सारा पैसा कमा रहे हैं।

## कड़ी मेहनत और लगातार काम करने की जरूरत

सच्चाई यह है कि सोशल मीडिया पर सफलता पाने के लिए भी कड़ी मेहनत, रचनात्मकता, और लंबे समय तक लगातार काम करने की जरूरत होती है। जो लोग रील्स बनाकर सफल दिखते हैं, उन्होंने इसके पीछे घंटों मेहनत, प्लानिंग, और असफल प्रयास किए होते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर सिर्फ उनकी चमकती हुई जिंदगी दिखाई जाती है, न कि उनके संघर्ष। यह भ्रामक तस्वीर आपको यह सोचने पर मजबूर करती है कि मेहनत के बिना ही सब कुछ हासिल हो सकता है।

**पैसे का भ्रामक लालच :** सोशल मीडिया पर दिखाया जाने वाला पैसा और लग्जरी लाइफ अक्सर एक जाल होता है। बहुत से लोग यह दिखाते हैं कि उन्होंने रील्स बनाकर आसानी से लाखों कमा लिए, लेकिन वे यह नहीं बताते कि

- सोशल मीडिया पर स्थिर आय के लिए सालों की मेहनत लगती है। फॉलोअर्स बढ़ाना, कंटेंट बनाना, और दर्शकों का भरोसा जीतना एक लंबी प्रक्रिया है।
- सभी को सफलता नहीं मिलती। लाखों लोग रील्स बनाते हैं, लेकिन केवल कुछ ही सफल हो पाते हैं। यह एक जोखिम भरा रास्ता है।
- पैसे की चमक अस्थायी हो सकती है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड्स बदलते रहते हैं, और आज जो लोकप्रिय है, वह कल पुराना हो सकता है। इसके अलावा, कई बार लोग सोशल मीडिया पर अपनी जिंदगी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। वे किराए की कारों, उधार के कपड़ों, या फर्जी लाइफस्टाइल के जरिए यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत अमीर हैं। यह भ्रामक तस्वीर युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाती है, जहाँ वे मेहनत और शिक्षा को छोड़कर तुरंत पैसे कमाने के चक्कर में पड़ जाते हैं।

**मेहनत ही असली रास्ता है :** सोशल मीडिया पर दिखने वाली आसान सफलता आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकती है कि मेहनत की जरूरत नहीं है। लेकिन सच यह है कि मेहनत ही वह नींव है, जो आपको लंबे समय तक टिकने वाली सफलता देती है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या यहाँ तक कि एक सफल कंटेंट क्रिएटर बनना चाहते हों, मेहनत के बिना कुछ भी हासिल नहीं होता। उदाहरण के लिए, कई बड़े यूट्यूबर्स या इंफ्लुएंसर्स, जैसे कि भुवन बाम या कैरी मिनाटी, आज भले ही लाखों कमाते हों, लेकिन उनकी सफलता के पीछे सालों की मेहनत, लगातार कंटेंट बनाना, और असफलताओं से सीखना शामिल है। उन्होंने आसान रास्ता नहीं चुना उन्होंने मेहनत की और अपने कौशल को निखारा।

## रील्स अपने आप में गलत नहीं

**सोशल मीडिया को प्रेरणा के लिए इस्तेमाल करें:** उन लोगों की कहानियाँ देखें, जिन्होंने मेहनत से अपने सपनों को हासिल किया। उनके संघर्ष से प्रेरणा लें।

**रील्स को करियर का आधार न बनाएं :** रील्स बनाना एक शौक या अतिरिक्त आय का साधन हो सकता है, लेकिन इसे अपनी पूरी जिंदगी का आधार न बनाएँ। एक ठोस करियर के लिए शिक्षा और कौशल जरूरी हैं।

**भ्रामक चमक से बचें:** हर चमकती चीज सोना नहीं होती। सोशल मीडिया पर दिखने वाली लग्जरी लाइफ को सच न मानें।

**समय का सही उपयोग करें:** रील्स देखने में घंटों बर्बाद करने के बजाय, अपने लक्ष्य के लिए पढ़ाई और मेहनत पर ध्यान दें।

**अपने कौशल को निखारें:** अगर आप सोशल मीडिया पर कंटेंट बनाना चाहते हैं, तो रचनात्मकता, वीडियो एडिटिंग, और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसी चीजें सीखें। यह भी मेहनत माँगता है। मेहनत आपको बेहतर इंसान बनाती है। जब आप मेहनत करते हैं, तो आप न केवल अपने करियर में सफल होते हैं, बल्कि एक बेहतर इंसान भी बनते हैं। मेहनत आपको धैर्य, अनुशासन, और आत्मविश्वास सिखाती है। सोशल मीडिया पर दिखने वाली तुरंत सफलता आपको ये गुण नहीं दे सकती।

## सामान्य ज्ञान

**1.** पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह है -
(ए) डिमोस
(बी) चन्द्रमा
(सी) टाइटन
(डी) लापेट्स

**2.** शांत समुद्र व तूफानों का महासागर कहाँ स्थित है ?
(ए) चंद्रमा
(बी) वरुण
(सी) बृहस्पति
(डी) शनि

**3.** सी ऑफ़ ट्रंक्विलिटी' कहाँ पर है?
(ए) पृथ्वी
(बी) सूर्य
(सी) जूपिटर
(डी) चन्द्रमा

**4.** चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर कितने दिनों में लगाता है ?
(ए) लगभग 28.1 दिन
(बी) लगभग 30.2 दिन
(सी) लगभग 27.3 दिन
(डी) लगभग 28.3 दिन

**5.** चन्द्रमा से पृथ्वी तक प्रकाश के पहुंचने में लगने वाला समय है -
(ए) एक सेकंड
(बी) एक सेकंड से कम
(सी) दो सेकंड से अधिक
(डी) दो सेकंड से कम

**6.** निम्नलिखित में से किस आकाशीय पिंड को 'पृथ्वी पुत्र' कहा जाता है ?
(ए) बुध
(बी) शुक्र
(सी) चन्द्रमा
(डी) मंगल

**7.** बृहस्पति का द्रव्यमान है, लगभग -
(ए) सूर्य के द्रव्यमान का 10वां भाग
(बी) सूर्य के द्रव्यमान का 1000वां भाग
(सी) सूर्य के द्रव्यमान का 100वां भाग
(डी) सूर्य के द्रव्यमान का आधा

**8.** आकाश का सबसे चमकदार तारा है -
(ए) प्रोक्सिमा सेंचुरी
(बी) बर्नार्ड
(सी)नेबुला
(डी)सिरियस

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(डी)

### स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

# पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

- योग को अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल**

पुलिस विभाग की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना था।

शिविर में डीएसपी हरदीप सिंह सहित पुलिस बल के सैकड़ों अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ योगाभ्यास किया। इस सत्र में जिले के आम नागरिकों ने भी भाग लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जो पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल को दर्शाता है। लगभग एक घंटे तक चले इस योग सत्र का संचालन आयुष विभाग के



**नारनौल।** पुलिस लाइन में योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अनुभवी शिक्षक अरुण कुमार द्वारा किया गया। उनके साथ अशोक, ललित, सुरेंद्र, बेबी और अशोक कुमारी की टीम भी मौजूद थी, जिन्होंने विभिन्न योग क्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित सभी कर्मियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान विधियों का अभ्यास करवाया।

योग अभ्यास के दौरान, प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने, तनाव से मुक्ति पाने और कार्यक्षमता में वृद्धि करने में भी सहायक है। यह विशेष रूप से पुलिस विभाग के लिए महत्वपूर्ण है, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों को अक्सर उच्च तनाव और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम के समापन पर, डीएसपी हरदीप सिंह ने योग के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "योग एक संपूर्ण जीवन-पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा को सशक्त बनाती है। पुलिस विभाग के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हमारे अधिकारी एवं कर्मचारी स्वस्थ, सजग एवं ऊर्जावान रहें। इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए।"

पुलिस प्रवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, योग शिविर में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक एवं समर्पण भाव से भाग लिया। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए नियमित रूप से योग को अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प भी व्यक्त किया। यह आयोजन पुलिस विभाग की अपने कर्मियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और उम्मीद है कि यह भविष्य में भी इसी तरह के स्वस्थ पहलों के लिए एक प्रेरणा बनेगा।

# योग प्रतियोगिता में आरपीएस की प्रतिभा छाई

- 18 से 28 आयु वर्ग में लड़कों में विजयपाल आरपीएस, लड़कियों में पायल आरपीएस रहे प्रथम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़**

खेल एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को आरपीएस स्कूल खातोद में किया गया, जिसमें खंड महेंद्रगढ़ से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सभी विजेताओं को आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने मेडल तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में खेल विभाग की ओर से नोडल अधिकारी प्रवीण रंगा, आयुष विभाग की तरफ से सुनील देवी, पवन कुमार, नरेंद्र सिंह और शिक्षा विभाग से सतीश कुमार व राकेश कुमार ने निर्णायक की भूमिका



**महेंद्रगढ़।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

निभाई। पतंजलि से निलेश मुद्गल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है। उन्होंने बताया कि योग का अभ्यास हमें शरीर और मन दोनों को जोड़कर या एक करके शरीर और मन के अनुशासन के बारे में सिखाता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि योग शारीरिक फिटनेस और लचीलापन बनाते हैं और तनाव में कमी और आराम प्रदान करते हैं। दैनिक जीवन में योग को शामिल करने से शरीर में ऊर्जा स्तर में वृद्धि के साथ-साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा मिलता है। खेल एचओडी राजकुमार यादव ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय लड़कों की योग प्रतियोगिता के अंडर-10 से 14 में आरपीएस महेंद्रगढ़ से पुलकित प्रथम, आनंत पथरवा द्वितीय तथा रिंकू पथरवा तृतीय रहे। इसी आयु वर्ग में लड़कियों में आरपीएस प्रथम, पलक एसडी कैरियर इंस्टिट्यूट सेकेंड तथा काव्या आरपीएस तृतीय रही। लड़कों के अंडर-14 से 18 आयु वर्ग में सुमित पथरवा प्रथम। अंडर-18 से 28 लड़कों में विजयपाल आरपीएस महेंद्रगढ़ प्रथम, इसी आयु वर्ग में लड़कियों में पायल आरपीएस महेंद्रगढ़ प्रथम रहे। लड़कियों के 28 से 40 आयु वर्ग में संजू आरपीएस प्रथम, लड़कों में संदीप आरपीएस प्रथम, लड़कों के 40 से 60 आयु वर्ग में धर्मवीर आरपीएस प्रथम, इसी आयु वर्ग में लड़कियों में सुमन आरपीएस प्रथम रहे।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राजकुमार, धर्मवीर, जितेंद्र, जगदीश, संदीप, विक्रम, अमित, राकेश, रविंद्र, राकेश कुमार, करतार, नीरज, विशाल, सज्जन, विजयपाल योग प्रशिक्षक, सुमन, सुमित, सुनीता, संजू, पायल व प्रांजल शामिल रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- आईटीआई डेरोली अहीर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंडी अटेली**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली अहीर में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जन जागरूकता कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति के लिए हमारी प्रतिबद्धता रही, जो लोगों को पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रेरित करने का संदेश देती है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित डॉ. आरएन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में वृक्षारोपण,



**मंडी अटेली।** जन जागरूकता में मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।

स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरूकता रैली, निबंध लेखन जैसे विविध आयोजन किए गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा। इस मौके पर संस्थान के इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पृथ्वी मिल सके। कार्यक्रम के अंत सुनील कुमार ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वह पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें।

## मिर्जापुर बाछौद में किया पौधरोपण

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव मिर्जापुर बाछौद में बाइपास बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला प्रधान विजय सिंह की अगुवाई में एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया, जिसकी देखभाल करने की पूरी जिम्मेवारी बीरेंद्र सिंह द्वारा ली गई।

जिला प्रधान विजय सिंह ने बताया कि हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए व पर्यावरण संरक्षण के लिए हर खुशी के अवसर पर कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए तथा आगे आने वाले समय में बिना पेड़ पौधों के जीवन दुर्लभ है। वहीं पेड़ों की अन्धाधुंध कटाई हो रही है, जिससे ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए पेड़ लगाने जरूरी हो गए हैं। विश्व हित में आज सबसे ज्यादा जरूरी पर्यावरण की रक्षा करना है।

### महेश चंद संघी की स्मृति में पुत्रों ने किया सेवा कार्य

# मंदिर में शीतल जल कुटीर वाटर हट का निर्माण

- प्रतिदिन हजारों धर्मप्रेमियों को मिल सकेगी शीतल जल की सुविधा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल**

रोटरी क्लब नारनौल बेलाज द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर शुक्रवार श्रीश्याम धाम जोरासी मंदिर परिसर में शीतल जल कुटीर वाटर हट का निर्माण करवाया गया।

रोटरी क्लब के तत्वावधान में इस वाटर हट का निर्माण होटल सन प्लाजा वाले स्वर्गीय महेश चंद संघी की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी कमला देवी संघी ने करवाया। शुक्रवार को निर्जला एकादशी के



**नारनौल।** शीतल जल कुटीर वाटर कट का शुभारंभ करते हुए।

अवसर पर जोरासी धाम के मुख्य पुजारी कमलकांत गुरुजी के पावन सानिध्य में मुख्यातिथि कमला देवी संघी के करकमलों द्वारा वाटर हट का शुभारंभ किया गया। विशेष सहयोगी रोटरी क्लब नारनौल बेलाज की प्रधान प्रियंका संघी ने बताया कि श्री श्याम की कृपा से जोरासी धाम मंदिर में आने वाले हजारों भक्तगणों की सेवा करने का अवसर हमें प्राप्त हुआ। यहां आने वाले भक्तों की सेवा के लिए शीतल जल की व्यवस्था की आवश्यकता थी, जिसका संज्ञान में आने पर हमारी माताजी ने तुरंत इस पुण्य कर्म की सहमति प्रदान की। जिससे प्रतिदिन हजारों धर्मप्रेमियों को शीतल जल की सुविधा मिल सकेगी। रोटेरियन प्रवीण संघी ने कहा कि हमारे पिता स्वर्गीय महेश चंद संघी एक धार्मिक व सामाजिक प्रवृति के व्यक्ति थे, उन्होंने क्षेत्र में सबसे पहले स्वेच्छा से अपने नेत्रदान को चुना।

अब उनकी याद में उनके पुत्रों संदीप संघी, प्रवीण संघी व नवीन संघी ने जनसेवा में इस वाटर हट का निर्माण करवाया है। रोटरी क्लब प्रधान विनोद चौधरी ने संघी परिवार का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**बम्पर इनामी योजना-2025**

नाम........................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी........................................
पता........................................तहसील....................पिन....................
जिला....................फोन नं. ....................एजेंट का नाम ....................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

**नियम व शर्तें** **हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025** - 5 फरवरी 2025 से 5 अगस्त 2025 की अवधि के लिए है। ▸▸| **बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा।** ▸▸| योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित प्रपत्र पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ▸▸| **हर माह के दो सामान्य कूपन चिपकाना अनिवार्य है।** ▸▸| फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होंगे। ▸▸| राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ▸▸| हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। ▸▸| यदि किसी पुरस्कार पर टी. डी. एस. की कटौती लागू होगी तो विजेता को टी.डी.एस. का भुगतान स्वंय करना होगा। ▸▸| वाहनों के एक्स शोरूम की कीमत को हरिभूमि द्वारा वहन किया जायेगा और अन्य खर्च विजेता को देने होंगे। ▸▸| हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ▸▸| किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ▸▸| चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ▸▸| हरिभूमि की पहले से चल रही किसी भी स्कीम का पाठक **बम्पर इनामी योजना-2025** में शामिल नहीं किया जाएगा। ▸▸| हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। ▸▸| प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 सितम्बर 2025 होगी। ▸▸| पूर्णरूप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीक के हरिभूमि कार्यालय या मुख्य कार्यालय में स्वंय अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवाएं। ▸▸| किसी भी कूपन और प्रपत्र की फोटोप्रति मान्य नहीं होगी। ▸▸| अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार नहीं होंगे। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जायेगा। ▸▸| ड्रॉ निकालने की तिथि 5 अक्टूबर 2025 होगी। ▸▸| विजेताओं की सूची 10 नवम्बर से समाचार पत्र में प्रकाशित की जायेगी। ▸▸| प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय रोहतक से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ▸▸| सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपनी फोटो पहचान पत्र की फोटो प्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करनी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें।

महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- हरिभूमि कार्यालय, सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने लगाई मीठे पानी की छबील

**नारनौल।** निर्जला एकादशी के अवसर पर थाना सदर नारनौल पुलिस टीम ने मीठे और ठंडे पानी की एक छबील (स्टॉल) लगाई गई, जिसका उद्देश्य भीषण गर्मी से जूझ रहे राहगीरों को राहत पहुंचाना था। सुबह से ही पुलिसकर्मी छबील पर मुस्तैद रहे और उन्होंने सड़क से गुजरने वाले हर व्यक्ति को प्रेमपूर्वक ठंडा पानी पिलाया।

### राम अवतार यादव का 98 वर्ष की आयु में निधन

**नारनौल।** राजकीय पीजी कॉलेज नारनौल के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एनके यादव के पिता राम अवतार यादव का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। राम अवतार के पोते सुभाष यादव एडवोकेट ने बताया कि वे सालीन एवं धार्मिक विचारों के एक मेहनतकश किसान थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन में कठिन परिश्रम करके अपने परिवार को समृद्ध बनाया और उच्च पदों पर नियुक्त किया। राम अवतार यादव का अंतिम संस्कार गांव कांवी में शुक्रवार दोपहर बाद किया गया, जिसमें गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और पड़ोसी गांवों के लोग भी उपस्थित थे।

### मेडिकल कॉलेज गेट पर ग्रामीणों का धरना जारी

**नारनौल।** गांव कोरियावास में बनाए गए मेडिकल कॉलेज का नाम अमर शहीद राव तुलाराम के नाम से रखने की मांग को लेकर ग्रामीण लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम पर रखा जाए, क्योंकि वह इस क्षेत्र के महान स्वतंत्रता सेनानी थे और 1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ग्रामीणों का नेतृत्व सरपंच प्रतिनिधि नौनिहाल सिंह ने किया।

### सरकार कर्मचारियों पर थोप रही एसओपी

**नारनौल।** सरकार द्वारा कल मीडिया के माध्यम से अनुबंधित कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा एक्ट 2024 को डिपार्टमेंट में लागू करने के प्रोसिजर (एसओपी) कर्मचारी नेताओं पर थोपने का काम किया गया है। सरकार की इस बयानबाजी को देखते हुए अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ 2107 संबंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश पालीवाल ने मीडिया के माध्यम से सरकार की बयानबाजी को सुनकर भारतीय मजदूर संघ को सूचित किया, जिसके बाद भारतीय मजदूर संघ ने हरियाणा सरकार को पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया है कि सरकार अपने कार्यालय की कमजोरी कर्मचारी नेताओं पर थोपने का काम न करे, क्योंकि कर्मचारियों ने अपनी मांगें पहले ही सरकार को लिखित में दे रखी हैं, जिनको लागू करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा साफ है तो उन मांगों को लागू करे, न कि यह कहे संगठन का मांग पत्र उन्हें प्राप्त नहीं हुआ। यह मांग पत्र कई बार दिया है।

## खनन व क्रेशर जोन से प्रभावित गांवों में 20 करोड़ से होंगे विभिन्न विकास कार्य

# जिला खनिज फाउंडेशन की बैठक में रखे गए 20 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

खनन व क्रेशर जोन से प्रभावित जिला के करीब दो दर्जन गांवों में 20 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराएं जाएंगे। इन विकास कार्यों के बजट का मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही इन गांवों में विकास कार्य शुरू होंगे।

बता दें कि अप्रैल माह में सांसद धर्मबीर सिंह के मार्गदर्शन में जिला खनिज फाउंडेशन की बैठक हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला उपायुक्त ने की थी तथा संबंधित सभी अधिकारियों के साथ-साथ विधायकों ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया था। बैठक में खनन व क्रेशर जोन से प्रभावित गांवों में विभिन्न विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव रखे गए थे। अब इन विकास कार्यों के बजट को मंजूरी मिल चुकी है तथा जल्द ही इन गांवों में विकास कार्य शुरू होंगे।

इन गांवों में होंगे विकास कार्यः

जिले के गांव बखरीजा, बांयल, नांगल दर्गू, धौलेड़ा, गोलवा, मूसनौता, पंचनौता, ढाणी रावता, बीगोपुर, गांवड़ी जाट, ऊष्मापुर, राजावास, गढी, डिगरोता मुकंदपुरा, दौखेरा, सरेली, निजामपुर रोपड़ सराय आदि में ट्रैक्टर-ट्राली में सफाई का कार्य कराया जाएगा। जिला पुलिस को माइनिंग एवं क्रेशर जोन में सीसीटीवी कैमरे एवं पुलिस बूथ बनाने में भी सहयोग किया जाएगा, जिससे अवैध माइनिंग पर रोक लगाने में सहयोग मिलेगा। इसके साथ-साथ सभी सात क्रेशर जोन में धूल एवं मिट्टी को रोकने के लिए एंटी स्मोग गन भी खरीदी जाएंगी। इससे धौलेड़ा, बिगोपुर, बखरीजा, खतौली अहीर, गंगूताना, जैनपुर, कुलताजपुर, जेरपुर एवं गढ़ी में प्रदूषण को कम किया जा सकेगा।



**महेंद्रगढ़।** गांव जेरपुर का महाभारतकालीन जोहड़। फोटो : हरिभूमि

### जिप को मिलेगी मोबाइल वैन

जिला परिषद के लिए एक मोबाइल वैन तथा गरीब के हित में जिला उपायुक्त के मार्गदर्शन में एक कैंटीन भी खोली जाएगी। गांव धौलेड़ा, राजकीय मिडिल स्कूल में स्कूल पीने के पानी पाइपलाइन बिछाई जाएंगी। गांव मेघोत बिंजा के राजकीय स्कूल पीने के पानी के वाटर टैंक, शिवधाम तक पीने की पाइपलाइन व एक बोरवेल बनाया जाएगा। गांव दौखेरा में राजकीय प्राथमिक स्कूल में शौचालय, वाटर टैंक व आरओ प्लांट, शहबाजपुर के शिवधाम में वाटर टैंक, मेघोत हाला के स्कूल वाटर टैंक, खातोली जाट में राजकीय प्राथमिक स्कूल में शौचालय व वेस्ट वाटर सीवरेज के लाइन, भेडंटी गांव के स्कूल लड़कों का शौचालय, दोस्तपुर के स्कूल में लड़कियों का शौचालय, सैदालीपुर के स्कूल में शौचालय, खातोली अहीर में वेस्ट वाटर सीवरेज की लाइन, ऊष्मापुर में आयुर्वेदिक डिस्पेंसनरी, वेस्ट वाटर सीवरेज के लाइन, पीने के पानी पाइपलाईन, जिम का निर्माण, गांव गढ़ी में पीने के पानी का बोरवेल, कुराहवटा पीने के पानी का टैंक का निर्माण, खुडाना में शहीद चौक से पहाड़ तक वेस्ट वाटर सीवरेज के लाइन बिछाई जाएंगी।

### डिगरोता में खुलेगी पिंक जिम

गांव डिगरोता में महिला जिम की स्थापना की जाएगी। इस तरह का यह जिले के प्रथम पिंक जिम होगा। राजावास में स्कूल में शौचालय व पीने के पानी की पाइपलाइन, सतनाली आईटीआई में वाटर टैंक, बिगोपुर में जिम्नास्टिक ट्रैक, वेस्ट वाटर सीवरेज, गांव में बोरवेल, रघुनाथपुरा में पीएमश्री स्कूल पीने के पानी पाइनलाइन व बोरवेल, मुकंदपुरा में बोरवेल व जीआई पाइपलाइन, जैनपुर में जिम्नास्ट्रिक, अमरपुर जौरासी के खेल मैदान हाईमास्क लाईट, कमानियां के खेल मैदान में ट्रैक का निर्माण, पांचनौता में वाटर टैंक, गांवड़ी जाट में स्कूल की दीवार, रोपड़ सराय में जिम्नास्टिक, मूसनौता में बोरवेल, खेल मैदान में टीनशेड व रेसलिंग मैट, नांगल दर्गू में चारदीवारी, बांयल में खेल मैदान की चारदीवारी की मरम्मत, गोलवा के स्कूल में शौचालय व आरओ प्लांट, मौसमपुर में आंगनवाड़ी का निर्माण, दनचौली में डिस्पेंसनरी की मरम्मत व श्यामपुरा में खेल मैदान की मरम्मत की जाएगी।



**महेंद्रगढ़।** योगाभ्यास करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## योग दिवस की तैयारियों को लेकर छात्रों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में प्रातःकालीन सत्र में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रभावशाली योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की श्रृंखला में आयोजित किया गया था। प्रतिभागियों ने प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, शवासन सहित अनेक योगिक आसनों का अभ्यास किया। अभ्यास सत्र का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा ने कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होकर विद्यार्थियों को योग के महत्व, उसके वैज्ञानिक पहलुओं एवं जीवनशैली में इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक व्यायाम है, बल्कि यह मानसिक शांति, अनुशासन और सकारात्मकता का माध्यम भी है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर डॉ. कैप्टन शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को योग के विभिन्न चरणों से परिचित करवाते हुए स्वयं योगाभ्यास कराते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया और बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव, थकान, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की सहभागिता और उत्साह के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में हुआ ध्रुव चरित्र एवं भगवान वामन अवतार का वर्णन

- कार्यक्रम के मुख्य यजमान योगेश खोरीवाला एवं पूनम खोरीवाला सपरिवार थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बचपन प्ले स्कूल में भागवत धर्म सेवा परिवार के तत्वावधान में चल रहे सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महा रुद्राभिषेक एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा महोत्सव के दौरान आचार्य गौरव दीक्षित महाराज के द्वारा भगवान वामन अवतार की कथा का वर्णन किया गया तथा इस दौरान प्रवक्ता अमरसिंह सोनी के निर्देशन में भगवान वामन अवतार की मनमोहक झांकी भी पेश की गई। इससे पूर्व कथा वाचक द्वारा ध्रुव चरित्र, जड़ भरत की कथा, अजामिल चरित्र एवं समुद्र मंथन की कथा भी सुनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य यजमान योगेश खोरीवाला एवं पूनम खोरीवाला सपरिवार थे, जिन्होंने कथा से पूर्व प्रातः काल के समय महारूद्राभिषेक भी करवाया, जबकि रुद्राभिषेक पूजन का कार्य पंडित प्रशांत ने विधिवत मंत्रोच्चार से करवाया।



**महेंद्रगढ़।** कथा के दौरान रसपान करते कथावाचक। फोटो : हरिभूमि

कथावाचक ने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन का वेष बनाया और दैत्यराज बलि के पास जाकर तीन पग भूमि दान में देने का वचन भरवा लिया। अब वामन भगवान ने अपना विशाल रूप धारण करके पहले पग में पूरी पृथ्वी, दूसरे में देवलोक नाप लिया। जब तीसरे पग के लिए कोई भूमि नहीं बची तो राजा बलि ने तीसरे पग के लिए भगवान विष्णु के आगे अपना सिर ही रख दिया।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर कथा आयोजक रमेश सैनी, कथा प्रबंधक मुकेश मेहता, बचपन प्ले स्कूल संस्थापक शेरसिंह सैनी, सत्यनारायण तिवाड़ी, कैलाश, राजेश गुप्ता, प्रवीण दीवान, सतीश पाटोदा, महेंद्र खोरीवाला, ओमप्रकाश चनेजा, कुलदीप शर्मा, सुनील यादव, राकेश शर्मा, पूर्व पार्षद विजय कुमार, जितेंद्र यादव, विकास तिवाड़ी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सूरज स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# शिक्षण को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सीबीएसई की अनिवार्य शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली के तहत सूरज स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बोर्ड द्वारा नियुक्त दो प्रशिक्षकों राकेश कुमार एवं नरोत्तम शर्मा ने विद्यालय के शिक्षका का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यशाला का विषय बेहतर कक्षा प्रबंधन रहा। इस विषय पर आगंतुक प्रशिक्षकों ने बताया कि स्कूल में बेहतर कक्षा प्रबंधन के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। कक्षा प्रबंधन में कई बिंदुओं का समावेश होता हैं, जिनमें मुख्य तौर पर उन नीतियों और तकनीकों को शामिल किया जाता है, जिनका उपयोग एक शिक्षक अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने के लिए करते है।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

उचित कक्षा प्रबंधन से विकर्षण और व्यवधानों को कम करने में सहायता मिलती है तथा शिक्षक और छात्रों के सकारात्मक संबंध बनाते हैं। छात्रों की सहभागिता बढ़ाने में भी कक्षा प्रबंधन सहायक होता है। दो दिवसीय आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षण ने व्याख्यान, एकल एवं सामूहिक गतिविधियां, दृश्य एवं श्रव्य माध्यमों का प्रयोग आदि के द्वारा कक्षा प्रबंधन को बहुत ही अच्छे ढंग से समझाया। सभी शिक्षकों ने इस दो दिवसीय कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया तथा कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें अपने शिक्षण को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षक राकेश कुमार और नरोत्तमा शर्मा ने भी शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन से बात करने के बाद बताया कि सूरज स्कूल में कक्षा प्रबंधन का कार्य पहले से ही काफी अच्छे ढंग से किया जा रहा है।



**नारनौल।** खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता में छाए हरियाणा स्कूल के खिलाड़ी

**नारनौल।** खेल विभाग की ओर से आयोजित खंड स्तरीय योग प्रतियोगिता आयोजन शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने 10-14, 14-18, 18-28, 28-40, 40-60 एवं 60 वर्ष से ऊपर अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया। हरियाणा पब्लिक स्कूल के योग अध्यापक करण सिंह व डीपीई मनोज पूनिया ने बताया कि प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए हरियाणा पब्लिक स्कूल के इशांत ने 10-14 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान एवं वंश ने इसी आयु वर्ग में पांचवां स्थान प्राप्त किया। ये बच्चें आठ जून को होने जा रही जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में अपने स्कूल एवं खंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले बच्चे 15 जून को राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय एमडी डॉ हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक पुष्करमल वर्मा, डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव उपस्थित रहे।

# किसान विभागीय स्कीमों का प्रयोग करके बढ़ाएं अपनी आमदनी: धर्मवीर सिंह

- किसान की आमदनी दोगुनी करने पर भाजपा सरकार वचनबद्ध : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को पाली गांव में किसान महासभा का आयोजन किया गया। महासभा में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक कंवर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि किसान महासभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाना है और किस देश का किसान व युवा मजबूत होने पर ही वह देश विकसित हो पाएगा। यह महासभा पूरे देश में 29 मई से 12 जून तक चलेगी। उन्होंने कहा कि किसान की आमदनी दोगुनी करना भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इस महासभा के माध्यम से किसान विभागों द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिससे किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि किसान ड्रिप सिंचाई प्रणाली का प्रयोग करे जिससे पानी का भी सही इस्तेमाल होता है और पैदावार भी अच्छी होती है। उन्होंने किसानों की समस्याएं भी सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। महासभा में कृषि विज्ञान केंद्र से आए अधिकारियों ने बताया कि किसानों को फसलों में नैनो यूरिया व डीएपी का प्रयोग सही मात्रा में करने की पूरी जानकारी दी।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित सांसद व विधायक। फोटो : हरिभूमि



**महेंद्रगढ़।** मीठा पानी पीते राहगीर। फोटो : हरिभूमि

## राहगीरों को पिलाया मीठा पानी

**महेंद्रगढ़।** भरत कला केंद्र द्वारा शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर मीठे पानी का छबील लगाकर गर्मी के मौसम में स्थानीय निवासियों को राहत प्रदान की गई। इस दौरान मुख्यातिथि विधायक के पुत्र राहुल यादव रहे। सैन समाज के प्रधान सुंदरलाल आसोदिया ने मुख्यातिथि को तरबूज भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। राहुल यादव ने कहा की भरत कला केंद्र का यह प्याऊ उसके जन्म से पूर्व का यहां स्थित है, जिससे राहगीर अपनी प्यास बुझाते हैं। पानी हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर है, जिसके बिना कोई भी मनुष्य अपना जीवन यापन नहीं कर सकता हैं। धरती पर चाहे वह किसी भी योनि में जन्म लिया हो पानी सबके लिए आवश्यक है। भरत कला केंद्र द्वारा हर्ष वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता हैं। इस अवसर पर मनीष मितल, ढीलिया, पिंटू, कुलदीप सैनी, दिनेश सैनी, कपिल सैन, संजय सैनी, सचिन, हिमांशु, राजेश सैनी, पवन सैनी, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

## योग दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों की बैठक ली

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय हुड्डा ग्राउंड परिसर में 21 जून को सुबह छह बजे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम अनिल कुमार यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर बैठक ली। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2015 से 21 जून को हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी उपमंडल स्तर पर योग दिवस का आयोजन महेंद्रगढ़ के हुड्डा ग्राउंड परिसर में करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 से 14 जून को सुबह छह से 7:30 बजे तक स्थानीय हुड्डा ग्राउंड में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन होगा। इस प्रशिक्षण में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इसी प्रकार 19 जून को हुड्डा ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल का आयोजन होगा। एसडीएम ने कहा कि योग के प्रति जागरूकता के लिए उपमंडल के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों व अध्यापकों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन को योग से जोड़ना है। हरियाणा योग आयोग, उपमंडल प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में सभी सरकारी विभागों, ग्राम पंचायतों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को अपना सहयोग देना चाहिए।

## पेयजल की बर्बादी करने वालों के काटे गए 17 कनेक्शन

# जन जागरूकता अभियान के तहत उपभोक्ताओं को दिए जा रहे हैं जल बचाने के टिप्स

- मेन लाइन में अवैध रूप से कनेक्शन लेने वाले लोगों के खलाफ सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जिलेभर में चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार जिले में आठ टीमों ने विभिन्न स्थानों पर कुल 232 पेयजल कनेक्शनों का निरीक्षण किया।

यह जानकारी देते हुए जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि पेयजल की बर्बादी को रोकने और हर घर तक पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक ब्लॉक में टीमों का गठन किया गया है। ज इन टीमों ने ग्राम पंचायत गुवानी, सेका, नांगल चौधरी, धानौता, उनिंदा, पड़तल, बसई और सतनाली में घर-घर जाकर पेयजल उपभोक्ताओं को जल संरक्षण का संदेश दिया और जल बचत के उपयोगी सुझाव साझा किए। वहीं दूसरी ओर मैन पाइपलाइन से अवैध रूप से लिए गए कनेक्शनों और पेयजल से खेती की सिंचाई करने वाले 17 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। उन्होंने बताया कि मैन लाइन में अवैध रूप से कनेक्शन लेने वाले लोग पानी की बेतहाशा चोरी करते हैं। इस कारण अंतिम छोर तक जल आपूर्ति नहीं हो पाती और अनेक उपभोक्ताओं को पेयजल के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऐसी शिकायतें विभाग को बार-बार प्राप्त हो रही थीं, जिस कारण अब प्रत्येक खंड में एक-एक टीम गठित की गई है। यह टीमें ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट रही हैं जो जल की चोरी या बर्बादी कर रहे हैं ताकि स्वच्छ पेयजल सभी घरों तक पहुंचे। आज की कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत सेका में सुपरवाइजर चेतन व बीआरसी इंद्रजीत की अगुवाई में कुल सात अवैध कनेक्शन काटे गए। वहीं ग्राम पंचायत गुवानी में जेई एनपी रंगा व बीआरसी धर्मेंद्र के नेतृत्व में 10 अवैध कनेक्शन काटे गए जो पेयजल से खेती की सिंचाई करते पाए गए। पेयजल एवं सीवरेज संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 पर संपर्क कर सकते हैं जिससे समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर बीआरसी विक्रम सिंह, अनीता, पूजा रानी, मोहित कुमार, अशोक कुमार, नीशू, मोटर चालक योगेंद्र, फीटर कर्मवीर, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश कुमार, पंचायत फीटर रामबीर, ऑपरेटर झल्लू राम, विकास, रमेश, ईश्वर, सुरेश मौजूद थे।



## मीठे पानी की छबील लगाकर श्रद्धालुओं को पिलाया शर्बत

**नारनौल।** किशन लाल शिक्षा एवं जनकल्याण समिति की ओर से शुक्रवार निर्जला एकादशी पर श्याम मंदिर जौरासी में मीठे पानी की छबील लगाई गई। पवन यादव एवं मुकेश देवी यादव के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में संगठनों के सदस्यों मोनू, महेश, मोहित, जसवंत और हेमंत ने श्रद्धालुओं को दूध व गुलाब का शर्बत पिलाया। छबील पर अनेक समाजसेवियों द्वारा लोगों को शर्बत, मीठे पानी की छबील लगाकर पुण्य कमाया गया। समिति के सदस्य श्याम मंदिर के द्वार पर छबील लगाकर आते-जाते लोगों को ठंडा पानी पिलाते नजर आए। इस अवसर पर पवन यादव ने कहा कि जल सेवा सबसे बड़ी सेवा है। कार्यक्रम में राजकुमार यादव एडवोकेट, विनोद चौधरी, विनय मित्तल, मोनू, हेमंत, दिनेश, मुकेश जैन, भीमसेन शर्मा, राकेश शर्मा, नरोत्तम सोनी, महेश, जसवंत, अजय कटारिया, उषा यादव तथा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।